CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 221 ▫ रायपुर, गुरुवार 3 सितंबर 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

लगातार बारिश से महानदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट

गंगरेल से तीन गेटों के माध्यम से कुल 4670 सेक्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा

धमतरी 3 सितम्बर (हाईवे चैनल)। जिले में लगातार हो रही वर्षा और जलाशयों में पानी की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जलस्तर एवं नदी-नालों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। आज 3 सितंबर की सुबह 8 बजे प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के प्रमुख जलाशयों में जलभराव की स्थिति काफी अधिक है। गंगरेल जलाशय 97.40 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली जलाशय 98.61 प्रतिशत, दुधावा जलाशय 86.86 प्रतिशत तथा सोंढूर जलाशय 69.25 प्रतिशत भर चुका है। जलाशयों में पानी की आवक को देखते हुए गंगरेल जलाशय से तीन गेटों के माध्यम से कुल 4670 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसमें से 1410 क्यूसेक पानी रुद्री बैराज के माध्यम से महानदी मुख्य नहर में तथा 3360 क्यूसेक पानी महानदी नदी में प्रवाहित किया जा रहा है।

बांधों में लगातार पानी की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन ने जारी की सावधानी बरतने की अपील

जलाशयों में पानी की आवक तथा आगामी वर्षा की संभावना को देखते हुए नदी के जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है।

महानदी किनारे बसे गांवों में विशेष सतर्कता: महानदी में पानी छोड़े जाने के कारण नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी तथा बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने महानदी के किनारे बसे सभी गांवों में अलर्ट जारी किया है। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से नदी, नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप नहीं जाने और अनावश्यक रूप से नदी पार करने का प्रयास नहीं करने की अपील की गई है।

कलेक्टर ने दिए सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जलाशयों में पानी की अच्छी आवक को देखते हुए प्रशासन पूरी स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि महानदी के किनारे बसे गांवों के लोग विशेष सावधानी बरतें और नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी एवं जलाशयों के जलस्तर की नियमित निगरानी की जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार तत्काल सूचना पहुंचाई जाए। किसी भी आपात स्थिति में संबंधित विभाग आपसी समन्वय से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों एवं निर्देशों का पालन करें और अफवाहों पर ध्यान न देकर केवल अधिकृत सूचनाओं पर भरोसा करें।

अनियंत्रित होकर पलटी श्रद्धालुओं से भरी माजदा, कई लोग गंभीर रूप से घायल

बलौदा बाजार, 3 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले में आज भीषण सड़क हादसा हुआ है, जहां श्रद्धालुओं से भरी माजदा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में महिला और बच्चे समेत 27 लोग घायल हो गए, जिन्हें कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं दो महिलाओं को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा कसडोल थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-130 बी पर हुआ।

बताया जा रहा है कि माजदा वाहन में 30 से अधिक श्रद्धालु सवार थे, जो बेमेतरा जिले के मुरकुटा नांदघाट गांव से गिरौदपुरी धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। गुरुवार सुबह सेल और छांछी के बीच मोड़ के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होने के बाद सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई और इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पुलिस पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस समेत अन्य वाहनों की मदद से कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट।ष्ट) पहुंचाया। वही दो महिलाओं के सिर पर गंभीर चोट आने की वजह से उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां सभी घायलों का उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही कसडोल पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में परिवार के ही सदस्य देवचरण जांगड़े ने बताया कि वह सभी ग्राम मुरकुटा नांदघाट जिला बेमेतरा से गिरौदपुरी धाम बाबाजी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान गाड़ी पलटी गई और घायल हो गए। इस दौरान एक व्यक्ति अमजद खान ने उनकी बड़ी मदद की और अपने वाहन से कसडोल के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां सभी लोग खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच जांच में जुट गए हैं।

ब्रेकिंग न्यूज

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के 152 और कोरोना के 2 केस: हेल्थ मिनिस्टर जायसवाल बोले- पैनिक होने की जरूरत नहीं

रायपुर, 3 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू और कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम

बिहारी जायसवाल का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि पैनिक होने की जरूरत नहीं हैं। जिला अस्पताल मेकाहारा में जांच की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वाइन फ्लू के अब तक 152 मरीज सामने आए हैं, जिनमें 114 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 38 मरीज एक्टिव हैं। वहीं कोरोना के भी दो मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पैनिक होने की जरूरत नहीं है।

डा.विमल चोपड़ा होंगे अब भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी

रायपुर, 3 सितंबर (हाईवे चैनल)। प्रदेश भाजपा ने अपने चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी

के पूर्व जारी आदेश को संशोधित कर दिया है। पहले इस पद पर डा.ललित माखीजा को नियुक्त किया गया था अब प्रदेश महामंत्री डा.नवीन मारकंडेय ने आज नियुक्ति का नया आदेश जारी किया है जिसमें प्रदेशाध्यक्ष की अनुशंसा पर महासमुंद के पूर्व विधायक डा.विमल चोपड़ा को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

पूर्व सीएम स्टालिन को मद्रास हाईकोर्ट से झटका: 100 प्रतिशत वीवीपीएटी गिनती की याचिका खारिज

नई दिल्ली, 3 सितंबर (न्यूज चैनल)। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन को कोलाथुर विधानसभा

सीट से जुड़े चुनावी मामले में मद्रास हाईकोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने गुरुवार को उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र में 100 फीसदी वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती कराने की मांग की थी। स्टालिन ने अपनी याचिका में चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 14 ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों के सत्यापन में विसंगतियां मिलने का दावा किया था।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, हाईकोर्ट ने कहा है कि भरण पोषण केस में पति-पत्नी एक दूसरे की आय जान सकते हैं..

चुहिया- हां जी, लेकिन जिसे इनकम टैक्स ऑफिस नहीं जान सकता उसे ये लोग कैस जान पाएंगे..!

शिक्षक दिवस पर मंत्री बंगले के बाहर 'न्याय सत्याग्रह' करेंगे 40 हजार टीईटी टीचर

रायपुर, 3 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में टीईटी उत्तीर्ण 40,000 शिक्षकों का सब्र अब टूटने लगा है। टीईटी अर्हता के आधार पर चल रही शिक्षक पदोन्नति प्रक्रिया को बिना लिखित आदेश के मौखिक रूप से रोके जाने और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक अफवाहों के खिलाफ टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल शिक्षा मंत्री, प्रमुख सचिव और संचालक लोक शिक्षण को ज्ञापन सौंपा। मांगें पूरी न होने पर तो शिक्षक दिवस के दिन नवा रायपुर स्थित शिक्षा मंत्री के बंगले के सामने प्रदेशभर के 40,000 शिक्षक न्याय सत्याग्रह' करेंगे।

संघ की ये हैं 3 बड़ी मांगें- सोशल मीडिया पर कुछ संगठनों द्वारा पदोन्नति प्रक्रिया रुकने का झूठा प्रचार किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों का मनोबल गिर रहा है और प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। शासन इसका तत्काल आधिकारिक खंडन जारी करे। बिना किसी सक्षम लिखित आदेश के संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा वरिष्ठता सूची, दावा-आपत्ति एवं काउंसलिंग की प्रक्रिया को अटका कर रखा गया है, जो कि सेवा नियमों के सर्वथा विपरीत है। विभाग के सभी तय मापदंडों को पूर्ण करने वाले योग्य शिक्षकों को समय-सीमा तय कर तत्काल पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं।

राकेश मिश्रा ने बताया कि विभागीय नियमों और न्यायालय के निर्देशों के अनुसार टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक पूर्ण रूप से पात्र हैं, फिर भी प्रक्रिया बाधित है। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर 04 सितंबर 2026 तक आधिकारिक खंडन और प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश जारी नहीं हुए, तो शिक्षक दिवस के दिन नवा रायपुर स्थित शिक्षा मंत्री के बंगले के सामने प्रदेशभर के 40,000 शिक्षक 'न्याय सत्याग्रह' करेंगे।

खेल सामग्री की खरीदी में अनियमितता, सहायक संचालक एक्का को निलंबित करने की अनुशंसा

राजनांदगांव, 3 सितंबर (हाईवे चैनल)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग में खेल सामग्री की खरीदी में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दण्डाधिकारी तथा वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी द्वारा की गई संयुक्त जांच में करीब 52.91 लाख रुपए की खरीदी में गंभीर प्रक्रियागत अनियमितताएं पाई गई हैं। मामले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक अल्बिस एक्का को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की गई है।

जानकारी के अनुसार, संयुक्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार, सहायक संचालक अल्बियुस एक्का द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2026-27 तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत खेल सामग्री की खरीदी पर

52.91 लाख रुपए खर्च किए गए। जांच में पाया गया कि कई मामलों में उन्होंने अपने वित्तीय अधिकारों की सीमा का अतिक्रमण करते हुए कलेक्टर एवं सक्षम वित्तीय प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना खरीदी की।

जांच के दौरान खरीदी प्रक्रिया को लेकर भी गंभीर सवाल उठे हैं। प्रतिवेदन में निविदा अथवा जेम प्रक्रिया नहीं अपनाने, क्रय समिति का गठन नहीं करने तथा स्थानीय विक्रेताओं से सीधे खेल सामग्री खरीदने जैसी अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा खरीदी गई सामग्री का भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया। विभागीय अभिलेखों के समुचित संधारण में भी कमी पाई गई। जांच में सामने आई इन कमियों को वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों के विपरीत माना गया है। संयुक्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, राजनांदगांव ने सहायक संचालक अल्बिस एक्का को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की गई है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित करने के लिए सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। मामले में विभागीय जांच के बाद खरीदी प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं और जिम्मेदारी तय होने की तस्वीर और स्पष्ट होने की संभावना है।

पाकिस्तान को धूल चटाने वाले 'अभिनंदन' ने इंडियन एयरफोर्स छोड़ी

नई दिल्ली, 3 सितंबर (न्यूज चैनल)। भारतीय वायुसेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन और वीर चक्र विजेता अभिनंदन वर्धमान ने इंडियन एयरफोर्स छोड़ दी है। अभिनंदन वर्धमान रिटायरमेंट लेकर प्राइवेट एयरलाइन जॉइन कर ली है। भारतीय वायुसेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन अब गोवा की क्षेत्रीय एयरलाइन फ्लाई91 में पायलट के तौर पर काम करेंगे। मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक अभिनंदन अगस्त में प्राइवेट एयरलाइन फ्लाई91 से जुड़ गए हैं। यहां वे कॉमर्शियल यात्री विमान के पायलट होंगे। करीब दो दशक एयरफोर्स में

सेवा देने के बाद यह उनके करियर की नई पारी है। फिलहाल फ्लाई91 के प्रवक्ता ने इस बारे में कोई ऑफिशियल नहीं की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की प्राइवेट जानकारी व्यक्तिगत मामला है। एयरलाइन में उनकी भूमिका के बारे में और ज्यादा जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। फ्लाई91 ने मार्च 2024 में उड़ानें शुरू की थीं।

वाराणसी से दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान में बजा अलॉर्म, लखनऊ एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली, 3 सितंबर (न्यूज चैनल)। वाराणसी से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स 1253) की बृहस्पतिवार सुबह लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।उड़ान के दौरान विमान के कार्गो कंपार्टमेंट में अचानक स्मोक इंडिकेशन (धुएं का अलार्म) बजने लगा।

खतरे की चेतावनी मिलते ही पायलट ने तत्काल लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क साधा और सुबह करीब 8:52 बजे विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई।इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने संभाला मोर्चाविमान के लैंड होते ही एयरपोर्ट की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, अग्निशमन दल और तकनीकी विशेषज्ञ मौके पर पहुंच गए। विमान को तुरंत स्टैंड पर पार्क किया गया और सुबह लगभग 9:02 बजे

यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। विमान में कुल 155 यात्री और क्रू मेंबर्स सवार थे।जांच में स्थिति पाई गई सामान्यइंजीनियरों और सुरक्षा टीमों द्वारा विमान का गहन निरीक्षण किया गया। शुरुआती जांच में विमान के भीतर धुआं या आग का कोई निशान नहीं मिला। अलार्म की वजह तकनीकी फॉल्स इंडिकेटर मानी जा रही है। जांच-पड़ताल और स्थिति पूरी तरह सामान्य पाए जाने के बाद विमान को आगे की यात्रा के लिए क्लीयरेंस देकर रवाना कर दिया गया।

पंजाब में कटा राघव चड्ढा का नाम एसआईआर पर कहा- वोटर लिस्ट में मेरा नाम गलत दिखाया, 'आप' पर लगाया आरोप

नई दिल्ली, 3 सितंबर (न्यूज चैनल)। पंजाब में एसआईआर की लिस्ट से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का नाम हटने के बाद राजनीति शुरू हो गई है। राघव ने कहा कि उन्हें वोटर लिस्ट के

ड्राफ्ट से शिफ्टेड मार्क करके हटाया गया है, जो बदले की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। चड्ढा ने ईसीआई की गाइडलाइंस के उल्लंघन का भी दावा किया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पंजाब सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने राजनीतिक बदले की भावना से काम किया है। चड्ढा के अनुसार, मतदाता सूची के मसौदे में उनका नाम गलत तरीके से दूसरी जगह चले जाने वाला (शिफ्टेड) दिखाया गया है।

वाराणसी में बाढ़: पीएम मोदी ने डीएम से फोन पर ली जानकारी, राहत शिविरों की व्यवस्थाओं पर की चर्चा

नई दिल्ली, 3 सितंबर (न्यूज चैनल)। काशी के सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से टेलीफोन पर वार्ता कर वाराणसी में बाढ़ की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने गंगा के बढ़ते जलस्तर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों में की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभावित लोगों को किसी तरह की परेशानी न होने देने और राहत कार्य युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ने जिलाधिकारी से राहत शिविरों में उपलब्ध कराई जा रही भोजन, पेयजल समेत अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की राहत के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य करे और उन्हें तत्काल आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने

निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में राहत सामग्री की अतिरिक्त आवश्यकता हो, वहां तत्काल उसकी व्यवस्था की जाए।

प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री और अन्य जरूरी सहायता तेजी से पहुंचाई जाए। प्रधानमंत्री ने बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों पर लगातार सतर्क नजर बनाए रखने को कहा। साथ ही प्रभावित लोगों को अविलंब राहत पहुंचाने और प्रशासनिक स्तर पर किसी भी तरह की कमी न रहने देने के निर्देश दिए। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, वाराणसी में गंगा का चेतावनी स्तर 70.26 मीटर है। नदी 70.28 मीटर पर बह रही। खतरे का निशान 71.26 मीटर पर है। जलस्तर करीब 2 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। उधर अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। एहतियात के तौर पर गंगा की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। अस्सी घाट से केशव घाट तक नाव संचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है। नदी में आवाजाही पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 3 से 8 सितंबर तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में व्यापक मौसमी गतिविधि का पूर्वानुमान लगाया है। 6 और 7 सितंबर को व्यापक बारिश की संभावना है।

ईडी: कोलकाता समेत चार राज्यों में छापेमारी

नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में कार्रवाई

नई दिल्ली, 3 सितंबर (न्यूज चैनल)। प्रवर्तन निदेशालय ((ईडी) ने नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को चार राज्यों में एक साथ कार्रवाई की। अधिकारियों के मुताबिक, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केरलम में कई ठिकानों पर समन्वित तरीके से तलाशी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई। अधिकारियों ने बताया कि तमिलनाडु के चेन्नई और रामनाथपुरम के अलावा केरलम के कोच्चि, कन्नूर, मलप्पुरम और त्रिशूर समेत कई स्थानों को जांच के दायरे में लिया गया है। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, चार राज्यों में करीब 30 परिसरों में तलाशी ली गई। इनमें तमिलनाडु और केरलम के कई स्थान शामिल हैं। जांच एजेंसी की यह कार्रवाई नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में दर्ज पुलिस एफआईआर के आधार पर आगे बढ़ाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि ड्रग्स तस्करी से संबंधित करीब आठ पुलिस एफआईआर इस मनी लॉन्ड्रिंग जांच का आधार बनी हैं। इन्हीं मामलों में सामने आए वित्तीय लेनदेन और कथित अवैध धन से जुड़े पहलुओं की ईडी जांच कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, ईडी की यह कार्रवाई केंद्र सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अवैध धन के खिलाफ चलाए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है।

CMYK